25 लाख के नकली नोट बनाने का मटेरियल जब्त

05 लाख से ज्यादा बाजार में खपाए

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 16 नवंबर. पिपलानी थाना पुलिस ने अब तक की कार्रवाई में 500 रुपये के नकली नोट छापने वाले आरोपी विवेक के घर से करीब 25 लाख नकली नोट बनाने का मटेरियल बरामद किया है.

विवेक ने जिन दुकानों से यह मटेरियल खरीदे और मंगाए थे. पुलिस अब उन स्थानों की भी जानकारी जुटाते हुए कार्रवाई कर सकती है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी के बयान के अनुसार अब तक उसने बाजार में 5 लाख रूपये से अधिक नकली नोट खपाए है. आरोपी विवेक अपने इस काम को राज ही रखना चाहता था.



- छोटे दुकानदारों को करता था ज्यादा टारगेट
- मूलत : यूपी का रहने वाला है आरोपी

इस कारण से वह बाजार में अकेले ही नोट खपाने के लिए पहुंचता था. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह छोटे दुकानदारों को ज्यादा टारगेट करता था. दुकानों पर एक नोट को चलाने के लिए वह करीब 50 रुपये से अधिका का सामान खरीदता था. वह हर रोज सीमित संख्या में ही नकली नोट लेकर निकलता था. भोपाल के अलावा आरोपी विवेक दूसरे जिलों का दौरा करते हुए भी नकली नोटों को खपाता था. विवेक ने शुरूआत में नकली नोटों के ही जरिए अपने लिए जरूरी सामान खरीदे. इसके बाद आरोपी को लगा कि वह ऐसा करता रहेगा और कभी पकड़ा नहीं जाएगा. आरोपी की करतूत धीरे-धीरे सामने आई, जिसके बाद उसके बारे में जानकारी पुलिस तक पहुंची और वह पकड़ा गया.

आरोपी विवेक ने पुलिस को बताया है कि वह मूलत: यूपी का रहने वाला है. शहर के करोंद इलाके में वह रहता है.

वीडियो देखकर मटेरियल की व्यवस्था की

आरोपी ने बताया नकली नोट बनाने का आइडिया उसके दिमाग में आने के बाद उसने इस पर काम करना शुरू किया. असली नोट से नकली नोट पूरी तरह से मैच करे, इसके लिए उसने हर तरह की स्टडी की और वीडियो देख कर सभी मटेरियल की व्यवस्था की. असली नोट की तरह ही उसने नकली नोट को डिजाइन किया और नोट की परख करने वाले लोग क्या ध्यान देते हैं. विवेक ने वह सभी चीजों की खानापूर्ति की. बता दें कि आरोपी को पिपलानी थाना पुलिस ने शुक्रवार को नोट चलाते हुए रंगेहाथ पकड़ा और नोट को बरामद करते हुए कार्रवाई शुरू की. आरोपी विवेक से लगातार पूछताछ की जा रही है.

भोपाल आएगा आसियान देशों का प्रतिनिधिमंडल

आर्थिक सहयोग पर होंगी चर्चाएं

भोपाल, 16 नवम्बर. आसियान देशों के उच्च स्तरीय राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल 18 से 20 नवम्बर तक तीन दिवसीय भोपाल प्रवास पर रहेगा. इस दौरान वे राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे, निवेश संगोष्ठी में शामिल होंगे और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन करेंगे.

यह दौरा मध्यप्रदेश और आसियान देशों के बीच आर्थिक, औद्योगिक, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है.

प्रतिनिधिमंडल 18 नवम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करेगा. बैठक में प्रदेश के निवेश-अनुकूल वातावरण, औद्योगिक नीति, आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, एग्री-प्रोसेसिंग, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर चर्चा होगी. मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में रात्रिभोज भी आयोजित किया गया है. 19 नवम्बर को प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल मंगूभाई पटेल से शिष्टाचार भेंट करेगा. इसके बाद होटल कोर्टयार्ड मैरियट में आयोजित ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट सेमिनार में वे सहभागिता करेंगे, जिसमें राज्य के उद्योगपति, चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्य और प्रमुख निवेशक शामिल होंगे.

सेमिनार में मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक नेटवर्क, इन्फ्रास्ट्रक्चर और निवेश-अनुकूल नीतियों की प्रस्तुति दी जाएगी. प्रतिनिधिमंडल 19 नवम्बर को सांची और भीमबेटका जैसे विश्व धरोहर स्थलों का भ्रमण कर मध्यप्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू होगा. 20 नवम्बर को वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय और जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन करेंगे.

अपराधियों की पीढ़ियां सबक याद रखेंगी

ब्लास्ट के मामले में रामेश्वर शर्मा ने कहा

भोपाल,16 नवम्बर. दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास कार में हुए ब्लास्ट में 12 लोगों की मौत और दर्जनों घायल होने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है.

इस मामले में गिरफ्तार आठ आरोपियों में पांच डॉक्टर होने की जानकारी सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है. डॉक्टरों की संलिप्तता को लेकर भोपाल की हुजूर सीट से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखा हमला बोला है. उन्होंने विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि



रामेश्वर शर्मा कहा कि पहले कहा जाता था अपराध अशिक्षित लोग करते हैं, लेकिन अब पकड़े जा रहे अपराधी पूरी तरह शिक्षित हैं. शर्मा ने आरोप लगाया कि समाज की सेवा करने वाले डॉक्टरों का ऐसे कृत्यों में शामिल होना बेहद शर्मनाक है. उन्होंने कहा कि आज ऐसा लग रहा है कि पुलिस के डंडे से उनका इलाज होना चाहिए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी.

पाकिस्तान के ठुकड़ों पर पले डॉक्टरों ने समाज को शर्मसार किया है. ऐसे अपराधियों का इलाज इस तरह किया जाएगा कि आने वाली पीढ़ियों तक भी वे सबक याद रखें. दिल्ली ब्लास्ट मामले में डॉक्टरों की गिरफ्तारी ने सुरक्षा एजेंसियों और समाज दोनों के लिए नई चिंता खड़ी कर दी है. वहीं, राजनीतिक बयानबाजी के बीच जांच एजेंसियां मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई हैं. भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि दिल्ली में जिन बेईमानों ने हरकत की है, उन्होंने सिर्फ भरोसा नहीं तोड़ा बल्कि देश के आम नागरिकों के मन में गहरा आघात पहुँचाया है.

आगजनी के षड्यंत्र में महिला आरोपी गिरफ्तार

भोपाल. निशातपुरा थाना पुलिस ने करोंद मंडी में मखाना गोदाम में आगजनी और चोरी के मामले में एक महिला कर्मचारी को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि महिला ने गोदाम के पूर्व कर्मचारी के षडयंत्र में उसका पूरा साथ दिया था. पुलिस की जानकारी में यह बात सामने आई थी कि गोदाम के पूर्व कर्मचारी दीपक सिलावट ईंटखेडी निवासी ने ही यह षडयंत्र रचा था. आरोप है कि दीपक ने मुंह पर कपड़ा बांधकर गोदाम का ताला खोलकर पहले 30 मखाने से भरी बोरियां चोरी की थी. आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की नियत से दूसरे गोदाम में रखी बोरियों में आग लगा दी थी.

दो प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़े

17 और 18 नवंबर को लागू रहेगी

सीनियर डीसीएम ने दी जानकारी

भोपाल,16 नवम्बर. वार्षिक इज्तिमा कार्यक्रम के मद्देनज़र यात्रियों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा भीड़ प्रबंधन को सुचारू बनाने के उद्देश्य से दो प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़े जा रहे हैं.

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इज्तिमा अवधि में यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए मंडल प्रशासन नियमित सेवाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए

प्रतिबद्ध है.

अतिरिक्त कोच लगाए जाने से यात्रियों को अधिक स्थान और सुविधा मिल सकेगी. रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा के दौरान सहयोग प्रदान करें तथा उपलब्ध अतिरिक्त सुविधाओं का लाभ उठाएँ. कोचों से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री स्टेशन सूचना केंद्र, रेल मदद 139 या ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं.

यह सुविधा यात्रियों के लिए 17 और 18 नवंबर 2025 को लागू रहेगी.

1. ट्रेन संख्या 18235 – भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस
इन तिथियों में 01 अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़ा जाएगा.

2. ट्रेन संख्या 14814 – भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस
इसमें भी 17 एवं 18 नवंबर को 01 अतिरिक्त सामान्य कोच लगाया जाएगा.

मतदाता सूची में सत्यता सुनिश्चित करना आवश्यक

नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री का किया भव्य स्वागत

सहभोज में पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए सम्मिलित

भोपाल, 16 नवंबर. भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी का नियुक्ति के पश्चात मध्य विधानसभा के वार्ड 51 के हनुमान टेकरी मंदिर प्रागंण में भव्य स्वागत किया गया, उनके स्वागत के पश्चात सहभोज में पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए।

मध्य विधानसभा में विगत दो चुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है, इसलिए कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर इस प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करने में जुट जाएं। बैठक को एसआईआर जिला प्रभारी नवल प्रजापति, वरिष्ठ नेता विवेक सारंग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, महापौर मालती राय ने सुधा तेलंग द्वारा लिखित पुस्तक 'टेहरी हुई जिंदगी' पुस्तक का विमोचन किया।

राहुल कोठारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर कोई साधारण या एक दल से संबंधित प्रक्रिया नहीं है। एसआईआर को पूर्ण समर्पण, एकजुटता और युद्धस्तर की तत्परता के साथ लागू करना होगा। मतदाताओं की सटीकता, सत्यता और अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता भगवत सिंह रघुवंशी, विवेक सारंग, वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर श्रीवास्तव, जिला मंत्री शक्ति दुबे, पयोज जोशी, जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता, बाबूलाल यादव आदि उपस्थित रहे।

किराएदारों की जानकारी जरूरी, पुलिस विभाग के निर्देश जारी

भोपाल. शहर में किराये और पेइंग गेस्ट के रूप में रहने वालों के बारे में मकान मालिक के पास पूरी जानकारी हो, इसको लेकर पुलिस विभाग की ओर से दिशा-निर्देश दिए गए हैं. जारी निर्देश के अनुसार भोपाल शहर में काफी संख्या में व्यक्ति या लोगो का शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार या व्यवसाय के लिए आवागमन बना रहता है. कई बार इनकी आड़ में आपराधिक तत्वों का आवागमन एवं निवास भी होता है, जिनका अपराध में संलिप्त रहकर जान-माल के नुकसान होने जैसी स्थिति बनी रहती है.

बदमाशों ने की दुकानदार की पिटाई

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 16 नवंबर. शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों का आतंक इन दिनों बढ़ा है. एक दुकान के साथ मारपीट करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों की तलाश की जा रही है.

मिली जानकारी के अनुसार दिनदहाड़े एक चाय की दुकान पर कुछ बदमाश डंडे और तलवार लेकर अपने साथियों के साथ पहुंचे. बहस करते हुए आरोपियों ने दुकानदार युवक की बुरी तरह से पिटाई करनी शुरू कर दी.

एयरोसिटी रोड पर मौजूद पंडित नाम की चाय नाश्ते की दुकान संचालित है. दुकानदार रितिक नामक युवक को मारने के लिए 8 से 10 बदमाश पहुंचे थे. सामान और रूपयों के लेन-देन को लेकर बदमाशों ने दुकान संचालक के साथ बहस की थी. दुकानदार की ओर से इसका विरोध करने पर बदमाशों ने दुकान में की तोड़फोड़ की. इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है. पीड़ित रितिक ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है.

मोबाइल के लुटेरों की तलाश जारी

भोपाल. अयोध्या नगर थाना पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना पर प्रकरण दर्ज किया है. अज्ञात बदमाशों को लेकर पुलिस को अभी तक कोई भी सुराग नहीं मिला है. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है. करीब एक सप्ताह पहले फरियादी अंशुमन बसेडिया ने शिकायत दर्ज कराई थी. उसने बताया कि देर रात को अज्ञात बदमाशों ने बाइक पर सवार होकर उनका मोबाइल लूट ले गए थे. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की. पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का सहारा ले रही है.

शाहपुरा पार्क में पशु प्रेमियों का प्रदर्शन

पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 16 नवंबर. शाहपुरा के ऋषभदेव पार्क में रविवार को पशु प्रेमियों ने प्रदर्शन किया. इस मौके पर पशु-अधिकार कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का विरोध किया. भोपाल के अलावा पशु प्रेमियों ने देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन जारी रखा.

जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आवारा कुत्तों को लेकर एक आदेश जारी किया है. इस आदेश के अनुसार किसी भी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल सहित संस्थाओं के परिसर क्षेत्र से उन्हें हटाने और शेल्टर में रखने के निर्देश दिए है. इस आदेश के खिलाफ देशभर में एक साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि 28 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया था. दिल्ली में बच्चों को कुत्तों के काटने और रैबीज के मामलों की मीडिया रिपोर्ट सामने आई थी. इस मामले में कोर्ट ने अब अगली सुनवाई 13 जनवरी की है. भोपाल में प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में पशु-प्रेमी एकत्रित हुए. अपनी बात रखते हुए पशु प्रेमियों ने कहा कि कोर्ट का यह आदेश पशु क्रूरता के खिलाफ है, जिसका शांतिपूर्ण तरीके से विरोध किया जा रहा है. बताया गया कि इस मौके पर एनिमल एक्टिविस्ट, वॉलंटियर्स, रेस्क्यू ग्रुप्स और समाजसेवी संगठन के लोगों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया.

मंत्री की टिप्पणी पर एनएसयूआई हमलावर

विशेष संवाददाता

भोपाल, 16 नवंबर. नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा राजा राम मोहन राय को ब्रिटिश एजेंट कहे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराट यादव ने इस बयान को ऐतिहासिक अज्ञानता का चिंताजनक उदाहरण बताते हुए कहा कि जिस व्यक्ति के पास उच्च शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, उसके लिए ऐसा बयान देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और पद की गरिमा के विपरीत है। यादव ने कहा कि राजा राम मोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का जनक

माना जाता है। उन्होंने सती प्रथा उन्मूलन, महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण और आधुनिक शिक्षा तंत्र की शुरुआत जैसे ऐतिहासिक कार्य कर भारत को प्रगतिशील दिशा दी। उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाना भारत के सुधारवादी इतिहास की घोर अज्ञानता दर्शाता है, उन्होंने कहा।

यादव ने आरोप लगाया कि बीजेपी और आरएसएस से जुड़े नेता विचारधारात्मक आधार पर इतिहास को विकृत करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका छात्र और युवा वर्ग पुरजोर विरोध करेगा।

उन्होंने मंत्री को सुझाव दिया कि वे सार्वजनिक मंचों पर बेवजह और गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से पहले देश के महान ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के योगदान का अध्ययन करें। एनएसयूआई ने कहा कि वह राजा राम मोहन राय सहित अन्य महान सुधारकों की विरासत की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सत्ता में बैठे लोगों को भारत की समृद्ध विरासत को राजनीतिक लाभ के लिए क्षति पहुंचाने की किसी भी कोशिश पर जवाबदेह ठहराया जाएगा।

नाबालिग साली से दुष्कर्म का आरोपी जीजा गिरफ्तार

भोपाल. बागसेवनिया थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को हिरासत में लिया है. आरोपी ने अपनी ही नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया था, जिसका खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के गर्भवती होने की पुष्टि डाक्टरों ने की. अस्पताल की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ा. आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय नाबालिग अपने माता-पिता के साथ रहती है. नाबालिग की बड़ी बहन की शादी भी इसी क्षेत्र में हुई है. नाबालिग का जीजा अक्सर अकेले कई बार अपनी ससुराल पहुंचता था.

एसआईआर फॉर्म के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से सावधान रहने की अपील

- क्राइम ब्रांच भोपाल ने जारी की एडवाइजरी

भोपाल, 16 नवंबर. क्राइम ब्रांच भोपाल ने एसआईआर फॉर्म के नाम पर हो रही धोखाधड़ी को लेकर एडवाइजरी जारी की है.

अपील में बताया गया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण एक व्यापक प्रक्रिया है, जिसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चलाया जाता है. इसका उद्देश्य योग्य मतदाताओं को शामिल करना और अपात्र या दोहराए गए नामों को हटाना है.

धोखाधड़ी का तरीका

1.साइबर अपराधी एसआईआर फॉर्म या इसी नाम से फर्जी कॉल कर आपसे ओटीपी मांगते है.

2. एसआईआर एपीके फाइल नाम से फर्जी एपीके इंस्टाल कराते हैं.

3. ये सरकारी दिखने वाले नामों और लोगो का उपयोग करते हैं ताकि आप भ्रमित हो जाएं.

यदि किसी अनजान व्यक्ति का फोन आए और वह कहे कि 'आपके एसआईआर फॉर्म के लिए आपके मोबाइल पर एक ओटीपी भेजा गया है, कृपया वह हमें बता दें,' तो किसी भी स्थिति में ओटीपी साझा न करें.

कार्यक्रम एमपी और छत्तीसगढ़ के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

प्रशिक्षण से मरीजों की सुरक्षा को मिलेगी नई मजबूती

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल,16 नवंबर. एम्स भोपाल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए फार्माकोविजिलेंस के क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आठवां उन्नत स्तर का फार्माकोविजिलेंस प्रशिक्षण और कोऑर्डिनेटर्स मीटिंग का सफल आयोजन किया.

यह कार्यक्रम फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जो फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया के अंतर्गत एक रीजनल ट्रेनिंग सेंटर-सह-एडवर्स ड्रग रिएक्शन मॉनिटरिंग सेंटर है. इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य

आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दवाइयों के दुष्प्रभावों की जागरूक रिपोर्टिंग को बढ़ावा देना रहा. कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. रजनीश जोशी ने किया. उन्होंने कहा कि सही तरीके से प्रिस्क्रिप्शन लिखना और मरीजों का संपूर्ण इतिहास लेना दवाइयों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों को रोकने में अहम भूमिका निभाता है. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को दवा सुरक्षा के विषय में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया. फार्माकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, डॉ. बालाकृष्णन एस ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और प्रतिभागियों को भारतीय जनसंख्या आधारित सुरक्षा डेटा तैयार करने के लिए अधिक से अधिक दुष्प्रभावों की रिपोर्टिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 17 मेडिकल कॉलेजों के कोऑर्डिनेटर, डिप्टी कोऑर्डिनेटर और फार्माको विजिलेंस एसोसिएट शामिल हुए. यह आयोजन आईपीसी गाजियाबाद द्वारा वितपोषित था, जो फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय समन्वय केंद्र है. इसके अलावा नए विषयों में ईको-फार्माकोविजिलेंस की आवश्यकता और इसके नियामक पहलुओं पर एलएनएमसी भोपाल के डॉ. निकेत राय ने चर्चा की. एआई आधारित सिग्नल डिटेक्शन की भूमिका पर एम्स रायपुर के डॉ. पुगझेंथन टी. ने महत्वपूर्ण बिंदु साझा किए.

मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर रहीं मौजूद

आरडी गाडी मेडिकल कॉलेज उज्जैन की डॉ. रुचि बघेल ने डब्ल्यूएचओ कॉजेलिटी असेसमेंट स्केल और नारंजो एल्गोरिदम की सहायता से केस आधारित प्रशिक्षण दिया, जिससे प्रतिभागी दुष्प्रभावों के कारण का वैज्ञानिक आंकलन कर सके. कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए क्विज का आयोजन डॉ. भावना ने किया. कार्यक्रम का संचालन जूनियर रेजिडेंट डॉ. विराग अग्रवाल और डॉ. भावना ने किया.

ट्रेन की चपेट में आए युवक का इलाज जारी

युवक ने हादसे में गवाएं दोनों पैर

- ऐशबाग फाटक पर हुआ था हादसा
- मौके पर मौजद लोगों ने बचाई थी जान

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 16 नवंबर. ऐशबाग फाटक पर चलती ट्रेन की चपेट में आए युवक का इलाज जारी है. हादसे में युवक ने अपने दोनों पैर गंवा दिए है. घटना के दौरान मौजूद लोगों की सूझबूझ से युवक की जान बची.

मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की देर रात को अंतिम जाट नाम का युवक हादसे का शिकार हो गया था. घायल को हमीदिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. बताया गया कि अंतिम जाट नजदीक स्थित झुग्गी बस्ती में रहता है. उसके परिवार में पत्नी और बच्चे हैं. घटना वाली रात को रेलवे ट्रैक से गुजर रहा था और चलती ट्रेन के चपेट में आ गया. अंतिम के दोनों पैर कटने के वह पटरी पर तड़प र हा था.

कुछ लोगों ने देखा पर मदद के लिए आगे नहीं बढ़ पाए. वहां से गुजर रहे एक बैटरी ऑटो चालक नबाब खान ने घायल युवक को पटरी से हटाकर चित्रांश ह्यूमन एंड वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी मोहन सोनी को फोन पर घटनाक्रम की जानकारी दी. इसके बाद सोनी ने पुलिस की मदद से अंतिम को हमीदिया में भर्ती कराया.